Regarding request to clear pending payments under the Jal Jeevan Mission in Assam

श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) : धन्यवाद सभापति जी । एक सपना था कि हर घर में जल पहुंचना चाहिए, लेकिन वर्तमान असम में जल जीवन जो स्कीम है, इतनी विफल हो चुकी है कि हर घर जल पहुंचने के स्थान पर आज घर उजड़ रहे हैं । उन कॉंट्रैक्टर्स, जल कर्मियों, उन लगभग एक लाख फील्ड वर्कर्स के घर उजड़ रहे हैं, जिनको समय से पेमेंट नहीं मिल रही है । जुलाई, 2024 तक उनको पेमेंट मिल रहा था, लेकिन वर्ष 2024 के बाद अब ऐसी स्थिति हो गई है कि बहुत सारे कॉंट्रैक्टर्स आज सड़क पर आ गए हैं, जल मित्र सड़क पर आ गए हैं, क्योंकि उनके पेंडिंग बिल्स क्लीयर नहीं हो रहे हैं । दुख की बात यह है कि बहुत कम लोगों के बिल्स ही क्लीयर हो रहे हैं, जिनके संपर्क वहां की वर्तमान सरकार के साथ है ।

लगभग 8 हजार कॉंट्रैक्टर्स, 30 हजार इंजीनियर्स की स्थिति आज बहुत खराब है । लगभग 3 हजार 500 करोड़ रुपये का बिल अभी तक पेंडिंग है । इसका नुकसान उन नौजवानों को हो रहा है, जो कर्ज लेकर जल जीवन मिशन में सरकार की मदद के लिए आए । उन्होंने अपना घर गिरवी रखा, अपने पैसे लगाए, लेकिन आज इतनी खराब स्थिति है । दुख की बात है कि पूरे भारत में यदि कोई ऐसा राज्य है, जहां यह स्कीम विफल हो गई है, वह असम है । हमें दुख है कि असम के बारे में इस प्रकार की खबरें आज आ रही हैं । मैं चाहता हूं कि राज्य सरकार, केंद्र सरकार मिलकर काम करें । डबल इंजन होने का वे प्रमाण दें और जल जीवन के जो पेंडिंग बिल्स हैं, उन्हें जल्द से जल्द क्लीयर करें । धन्यवाद ।